Hindi Urdu for Health

The Practice of Medicine in Hindi and Urdu

repositories.lib.utexas.edu/handle/2152/64261

Hindi Urdu Flagship | South Asia Institute | Department of Asian Studies | The University of Texas at Austin

Illness and Advocacy

DR. VK MODI - FEE STRUCTURE AT A NATUROPATHIC INSTITUTION

About this lesson: Dr. Vimal K. Modi describes the fee structure at his institution.

Video URI: hdl.handle.net/2152/67575

Contents:

Hindi Transcription 1

Hindi Vocabulary 2

Hindi Questions 2

Hindi Transcription

यहां पर की, आप मरीजों को देखकर उनका फीस का निर्धारण कैसे करते हैं? किस हिसाब से होता है?
नहीं नहीं, देखिये, मेरे यहां चार तरह की व्यवस्था है... और मेरे पिताजी ये कहते थे कि आज हम जो भी हैं वो शिक्षक की वजह से हैं... शिक्षक नहीं होते तो आज हम डॉक्टर नहीं होते... शिक्षक सबल नहीं होगा तो हिन्दुस्तान तरक्की नहीं करेगा... इसलिये ऐसी व्यवस्था करो कि शिक्षक चिकित्सा तुम्हारे यहां कराता रहे... तो इसलिये हमने एक ऐसी डॉरमैट्री यहां बनाई है जिसमें आठ मरीज रखते हैं, उसमें हम उनसे दो सौ रुपये रोज लेते हैं... और दो सौ रुपये में मेरी चिकित्सा, मेरी फीस, जो हम चिकित्सा देते हैं, वो सारी सम्मिलित है...
खान पान भी है?
खान पान नहीं है... खान पान में इस समय लगभग सौ रुपये अलग से खर्च होते हैं... खान पान की व्यवस्था हमने यहीं कर रखी है... मरीजों को फल स्वयं खरीदना होता है, खाना होता है... मैं तो दोपहर शाम को भोजन में भोजनालय, भोजनालय में भोजन देता हूं... दो तरह की उबली हुई सब्जियाँ देता हूं... उन सब्जियों में डेढ़ डेढ़ सौ ग्राम सब्जियां होती हैं, चालीस ग्राम आटे की रोटी देता हूं... और लगभग 16 से 18 रुपये में दोपहर का भोजन और लगभग 16 से 18. 20 रुपये में रात

का भोजन हो जाता है... साठ रुपये में वो फल और मेवे खरीदता है... इस तरह सौ रुपये में उसका काम चल जाता है... एक कमरे में अगर चार मरीज रखते हैं तो उस समय हम उनसे दो सौ रुपये की जगह ढाई सौ रुपये रोज लेते हैं... एक कमरे में अगर हम दो मरीज रखते हैं तो हम 375 रुपये एक मरीज से लेते हैं और अगर प्राइवेट कमरा लें तो हम 550 रुपये रोज लेते हैं... उस प्राइवेट कमरे में या दो सीट वाले कमरे में, चार सीट वाले कमरे में, आठ सीट वाले कमरे में, सब में स्टोर रूम, लैटरीन बाथरुम अटैच्ड है...

Hindi Vocabulary

डॉक्टर	Doctor
चिकित्सा	Treatment
प्राइवेट कमरा	Private room
चार सीट वाले कमरे में	In a room with four beds

Hindi Questions

1) दो सौ की फ़ीस में क्या नहीं सम्मलित है?

१) डॉ० साहब की चिकित्सा

२) डॉ० साहब की फ़ीस

३) खान-पान की व्यवस्था

४) दूसरी चिकित्सा जो मरीज़ को देते हैं

2) प्राईवेट कमरे का कितना चार्ज करते हैं?

१) ३७५ रुपये

२) २५० रुपये

३) ९९९ रुपये

४) ५५० रुपये